non-discremination and non-stigmatisation to HIV/AIDS infected persons, complete confidentially and freedom to HIV infected persons to travel and work. It was also recommended that anonymous unlinked sentinel survey should be the best tool for epidemiological surveillance.

(e) Most of the conclusions and recommendations of the 2nd Asia and Pacific Congress form part of the overall strategy evolved by the Government to prevent and control AIDS in the country.

**Binding of Nursing students to compulsory Bond for one to three years**

1810. SHRI N. GIRIPRASAD :
SHRI N. E. BALARAM :

Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :

(a) whether Government are aware that the nursing schools of various Hospitals in Delhi bind the students to a written promise that once their three-year general nursing course is over they would continue to a Compulsory bond for one to three years;

(b) whether their diploma certificates issued by the Indian Nursing Council are kept by these Hospitals and are given to nurses only after they complete to the three year period or pay about Rs. 30,000/-;

(c) if so, the details thereof;

(d) whether his attention has been drawn to such report published in 'Patriot' of 15th January, 1993; and

(e) if so, what is Government's reaction thereto ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI PABAN SINGH GHATOWAR) : (a) to (c) Nursing Schools attached to the various Central Government Hospitals do not obtain a bond from the students. However the Nursing School under the Delhi Administration have prescribed one year bond period for the students. It is understood that some private hospitals are prescribing a compulsory period of service after completion of training to offset the cost of training of each course.

(d) Yes, Sir.

(e) The insistence of a bond to serve the hospital for a prescribed period is linked with the overall shortage of nurses. A comprehensive programme to overcome this shortage is being worked out in consultation with the State Government.

**मेडिकल कालेजों को खोला जाना**

1811. **श्री रामजी लाल : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राज्यों में मेडिकल कालेज खोले जाने हेतु क्या मानदण्ड निर्धारित किये गये हैं ;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में खोले गए मेडिकल कालेजों की कुल संख्या कितनी है और उनका राज्यवार ब्यौरा क्या ; और

(ग) वर्ष 1993-94 के दौरान खोले जाने वाले मेडिकल कालेजों का राज्यवार ब्यौरा क्या है ?

**स्वास्थ्य और कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पवन सिंह घटोवर)** : (क) नये मेडिकल कालेज खोलने के मानदंड 27 अगस्त, 1992 को जारी किए गए व 2 जनवरी, 1993 को पुन: प्रख्यापित किए गए अध्यादेश में परिभाषित किए गए हैं जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखना होता है।

(i) भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानक प्रस्तुत करने की समर्थता।

(ii) क्या पर्याप्त वित्तीय संसाधन है।

(iii) क्या कालेज के समुचित कार्यकरण को सुनिश्चित करने के लिए स्टाफ उपकरण, आवास, प्रशिक्षण और अन्य सुविधाएं विद्यमान हैं।

(iv) क्या छात्रों के उपयुक्त प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त अस्पताली सुविधाएं मौजूद हैं।

(ख) भारतीय चिकित्सा परिषद ने इस प्रकार सूचित किया है :—

| वर्ष | राज्य | खोले गए चिकित्सा कालेजों की संख्या |
|---|---|---|
| 1990 | महाराष्ट्र | |
| 1991 | (1) महाराष्ट्र | 2 |
| | (2) चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र | 1 |
| 1992 | (1) राजस्थान | 1 |
| | (2) तमिलनाडु | 1 |

(ग) यह बात नये कालेजों को खोलने के लिए प्राप्त आवेदनों और अनुमति के लिए उनकी उपयुक्तता पर निर्भर होगी ।

**पान मसाला और गुटका के सेवन से पैदा होने वाले घातक रोग**

1812. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि पान मसाला और गुटका के सेवन से कैंसर जैसे घातक रोग उत्पन्न होते हैं और ये रोग बहुत तेजी से फैल रहे हैं ;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई सर्वेक्षण कराया है;

(ग) पान मसाला और गुटका के सेवन के फलस्वरूप पैदा होने वाले कैंसर आदि रोगों के फैलाव को रोकने हेतु सरकार क्या कदम उठा रही है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री पवन सिंह घटोवर):** (क) और (ख) गुटका और पान मसाले को लगातार इस्तेमाल करने से मुख का कैंसर हो सकता है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के आंकड़ों से पता चलता है कि कैंसर के लगभग 30 प्रतिशत रोगी तम्बाकू के कैंसर से ग्रस्त हैं ।

(ग) और (घ) विभिन्न स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों के जरिए लोगों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाती है। खाद्य अपमिश्रण निवारण नियम, 1955 में हाल ही में संशोधन करके यह व्यवस्था की गई है कि पान मसाला और खाने के तम्बाकू के डिब्बों के लेबल पर इन उत्पादों के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में सांविधिक चेतावनी दी जाए ।

**दिल्ली के गोविन्द वल्लभ पंत अस्पताल में अप्रयुक्त उपकरण**

1813. **श्री सोम पाल :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 19 जनवरी, 1993 के "राष्ट्रीय सहारा" के पृष्ठ दो पर प्रकाशित इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि करोड़ों रुपये के मूल्य वाले उपकरण कई वर्षों से खराब पड़े हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो गोविन्द वल्लभ पंत अस्पताल में खराब पड़े हुए उपकरणों के नाम क्या-क्या हैं और ये उपकरण कब से खराब पड़े हुए हैं; और

(ग) उनकी मरम्मत कराने हेतु सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री पवन सिंह घटोवर) :** (क) जी, हां ।